**A** **709**

# समग्र शिक्षा केरलम्

## योगात्मक आकलन (I)2026-27

## हिंदी

**कक्षा 7** **समय 2:15 घंटे**

**सामान्य निर्देश:**

- **पहले पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- **कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्न संख्या 3 और 4 में विकल्प हैं।**

**1. सूचना : 'गाँधीजी की नमक कथा' कहानी का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> अंग्रेज़ों ने भारत में नमक पर टैक्स लगा रखा था। इससे नमक बहुत महँगा हो गया था। अंग्रेज़ों ने भारत के लोगों को खुद नमक बनाने से रोक रखा था। अगर कोई अपने ही समुद्र के पानी से नमक बनाता, उसे सज़ा हो सकती थी।

क) अंग्रेज़ों ने भारत में किसपर टैक्स लगा रखा था?

अ) चावल पर आ) गेहूँ पर

इ) नमक पर ई) चीनी पर

ख) दो सही प्रस्ताव लिखें।

अ) अंग्रेज़ों ने चावल पर टैक्स लगाया।

आ) टैक्स लगाने से नमक महँगा हो गया।

इ) भारतीयों को अंग्रेज़ों ने नमक बनाने से रोका।

ई) नमक बनाने से भारतीयों को अंग्रेज़ों से पुरस्कार मिलता था।

ग) खंड के आधार पर एक नारा बनाएँ।

**2. सूचना : 'खुद से प्यार' कविता का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बादल अपने जल से
इतना प्यार करे कि
वह दे सके जल
दुनिया को भी !

क) 'मेघ' का **समानार्थी शब्द कवितांश** से लिखें।

ख) दुनिया को बादल क्या देता है?

अ) जल आ) आग इ) फल ई) फूल

ग) कवितांश का **आशय** लिखें।

**3(A) सूचना : 'साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एशिया का सबसे साफ़-सुथरा गाँव मावलिन्नोंग मेघालय में है।
साल 2003 में इस गाँव को एशिया के सबसे साफ़-सुथरे गाँव के तौर पर चुना गया।

क) एशिया का सबसे साफ़-सुथरा गाँव मावलिन्नोंग कहाँ स्थित है ?

अ) केरल में आ) कर्नाटक में
इ) मेघालय में ई) राजस्थान में

ख) 'प्रकृति की रक्षा मानव की रक्षा' संदेश देने वाला एक **पोस्टर** तैयार करें।

**अथवा**

**3(B) सूचना : 'साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इस छोटे से गाँव में प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पूरे गाँव में जगह-जगह बाँस से बने हुए डस्टबिन लगाए गए हैं।

क) डस्टबिन किससे बनाए गए हैं?

अ) प्लास्टिक से आ) बाँस से
इ) मिट्टी से ई) कागज़ से

ख) प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकना मत। इस संदेश पर **पोस्टर** तैयार करें।

**4(A) सूचना : खंड पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> शोभनाथ यादव का जन्म 14 जून 1937 को उत्तरप्रदेश में हुआ। वे लेखक और संपादक हैं। दरख्तों में सूरज, भस्मासुर की भूमिका, नरक गाथा आदि उनकी रचनाएँ हैं।

क) शोभनाथ यादव की **प्रोफाइल** तैयार करें।

| | |
|---|---|
| नाम | : |
| जन्मतिथि | : |
| जन्मस्थान | : |
| प्रमुख रचनाएँ | : |

ख) प्रस्ताव पढ़ें, **सही विकल्प** चुनकर लिखें।


i) शोभनाथ यादव लेखक हैं।
ii) शोभनाथ यादव अध्यापक हैं।
iii) शोभनाथ यादव संपादक हैं।
iv) शोभनाथ यादव डाक्टर हैं।

अ) i और ii सही हैं।
आ) i और iii सही हैं।
इ) ii और iii सही हैं।
ई) iii और iv सही हैं।

**अथवा**

**4(B) सूचना : प्रोफाइल पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | मोहनदास करमचंद गांधी |
| जन्मतिथि | : | 2 अक्तूबर 1869 |
| जन्मस्थान | : | पोरबंदर |
| पिता | : | करमचंद गांधी |
| माता | : | पुतलीबाई |



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

क) गांधीजी के बारे में एक विवरण तैयार करें।

ख) हमारे राष्ट्रपिता कौन हैं ?

5. **सूचना : 'खुद से प्यार' कविता का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।**


दरख़्त अपने फूलों से
इतना प्यार करे कि
वह दे सके फूल
दुनिया को भी।


क ) सही मिलान करें।


| | |
|---|---|
| दरख़्त | प्रेम |
| दुनिया | पेड़ |
| प्यार | संसार |


ख ) पेड़ अपने फूलों से प्यार करता है। यह आशय वाली पंक्तियाँ लिखें।

**6. सूचना : चित्र देखें, उत्तर लिखें।**










क) कहानी की घटनाओं को क्रम से लिखें।

- खरगोश पेड़ के नीचे सोता है।
- कछुआ जीत जाता है।
- कछुआ और खरगोश आपस में बातें करते हैं।
- कछुआ और खरगोश के बीच दौड़ शुरू होती है।

ख) कहानी के लिए उचित शीर्षक लिखें।